मुंबई (महाराष्ट्र) से प्रकाशित

हिन्दी दैनिक

# उत्तरशक्ति

हर खबर निष्पक्षता के साथ

मुंबई
वर्षः 8 अंक 60
सोमवार, 08 सितम्बर 2025
मूल्य 3 रुपए, पृष्ठ-6
RNI NO. MAHHIN/2018/76092
email ID- uttarshaktinews@gmail.com
www.uttarshaktinews.com

## महाराष्ट्र में गणेश विसर्जन पर छाया मातम, करंट और पानी में डूबने से 5 की मौत, 13 लोग हुए लापता



**मुंबई, 07 सितम्बर।** रविवार को मुंबई में गणेश प्रतिमा विसर्जन जुलूस के दौरान बिजली का झटका लगने से 36 वर्षीय एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि पाँच अन्य अस्पताल में भर्ती हैं। यह घटना साकीनाका के खैरानी रोड पर सुबह करीब 10.45 बजे हुई, जब एक लटकता हुआ बिजली का तार गलती से गणपति की मूर्ति को छू गया। स्थानीय पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, मूर्ति के पास खड़े छह श्रद्धालुओं को बिजली के झटके लगे।

स्थानीय लोगों ने घायलों को पास के निजी अस्पतालों में पहुँचाया, जबकि एक व्यक्ति को नगर निगम द्वारा संचालित सेवन हिल्स अस्पताल ले जाया गया। डॉक्टरों ने बिनु सुकुमारन कुमारन (36) को मृत घोषित कर दिया। बाकी पाँच लोगों, सुभांशु कामत (20), तुषार गुप्ता (20), धर्मराज गुप्ता (49), करण कनौजिया (14) और अनुष गुप्ता (6) को पैरामाउंट अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहाँ उनकी हालत स्थिर बताई गई है।इसके अलावा महाराष्ट्र के विभिन्न जिलों में गणेश उत्सव के समापन के बाद मूर्तियों के विसर्जन के दौरान कम से कम चार लोग डूब गए और 13 अन्य लापता हो गए। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। इस संबंध में एक अधिकारी ने बताया कि पुणे जिले के चाकन क्षेत्र में तीन अलग-अलग घटनाओं में चार लोग अलग-अलग जलाशयों में बह गए। उन्होंने कहा कि दो लोग वाकी खुर्द में भामा नदी में और एक शेल पिंपलगांव में बह गया तथा एक अन्य व्यक्ति पुणे ग्रामीण के बिरवाड़ी में एक कुएं में गिर गया।अधिकारी ने बताया कि चार लोगों में से दो के शव अब तक बरामद कर लिए गए हैं तथा अन्य दो की तलाश जारी है। नांदेड़ जिले के गडेगांव में एक नदी में तीन लोग बह गए। पुलिस ने बताया कि बाद में एक व्यक्ति को बचा लिया गया और अन्य दो की तलाश जारी है। उन्होंने बताया कि नासिक में चार लोग इसी तरह की त्रासदी का शिकार हुए और उनमें से एक का शव सिन्नार में बरामद किया गया। पुलिस ने कहा कि जलगांव में अलग-अलग घटनाओं में तीन लोग बह गए और उनका पता लगाने के प्रयास जारी हैं। इसने बताया कि ठाणे जिले में मूर्ति विसर्जन के दौरान तीन लोग बह गए और अब तक एक शव बरामद किया गया है। पुलिस के अनुसार, एक अन्य घटना में, अमरावती में विसर्जन के दौरान एक व्यक्ति के डूबने की आशंका है। अधिकारियों ने बताया कि राज्य के विभिन्न हिस्सों में लगातार हो रही बारिश के कारण नदियां, झील और अन्य जल निकाय उफान पर हैं, जिसके कारण राज्य आपदा मोचन दल और राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) को तैनात किया गया है।

## कर्नाटक मतदाता धोखाधड़ी मामले में महत्वपूर्ण जानकारी छिपा रहा निर्वाचन आयोगः खरगे



**नई दिल्ली, 07 सितम्बर।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने निर्वाचन आयोग पर रविवार को अहम जानकारी छिपाने का आरोप लगाया और दावा किया कि यह कथित वोट चोरी के पीछे के लोगों को प्रभावी ढंग से बचा रहा है। खरगे ने एक्स पर एक मीडिया रिपोर्ट साझा की, जिसमें दावा किया गया था कि 2023 में कर्नाटक विधानसभा चुनाव से पहले फॉर्म सात में जालसाजी कर मतदाताओं को हटाने के प्रयास से संबंधित मामला ठंडा पड़ गया है क्योंकि निर्वाचन आयोग ने अब तक आरोपियों को पकड़ने के लिए आवश्यक महत्वपूर्ण आंकड़े साझा नहीं किये हैं।

निर्वाचन आयोग ने फिलहाल इन आरोपों पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी लेकिन उसने अतीत में कांग्रेस के ऐसे सभी दावों को निराधार बताया था। खरगे ने प्रश्न किया, क्या निर्वाचन आयोग (ईसीआई) अब भाजपा का वोट चोरी का अड्डा बन गया है? उन्होंने कहा, इस घटनाक्रम को समझिए। मई 2023 के कर्नाटक चुनावों से पहले कांग्रेस ने अलंद निर्वाचन क्षेत्र में बड़े पैमाने पर मतदाताओं के नाम हटाने का खुलासा किया था। फॉर्म सात में जालसाजी कर एक बेहद जटिल प्रक्रिया के जरिए हजारों मतदाताओं के अधिकार छीन लिए गए। खरगे ने कहा, फरवरी 2023 में एक मामला दर्ज किया गया। जांच में 5,994 जाली आवेदन सामने आए जो मतदाता धोखाधड़ी के बड़े पैमाने पर प्रयास का स्पष्ट प्रमाण था। इसके बाद कांग्रेस सरकार ने दोषियों को पकड़ने के लिए सीआईडी जांच का आदेश दिया।

खरगे ने कहा, लेकिन दिक्कत यहां हैः जहां आयोग ने पहले जालसाजी का पता लगाने के लिए जरूरी दस्तावेजों का एक हिस्सा साझा किया था, वहीं अब उसने महत्वपूर्ण जानकारी छिपा ली है और वोट चोरी के पीछे के लोगों को प्रभावी ढंग से बचा रहा है! उन्होंने पूछा कि निर्वाचन आयोग ने अचानक महत्वपूर्ण सबूतों को क्यों छिपाया?

## स्कूटर, लॉरी और कार की टक्कर में तीन नाबालिग लड़कों की मौत




**चामराजनगर, 07 सितम्बर।** चामराजनगर में एक स्कूटर की विपरीत दिशाओं में जा रही एक लॉरी और कार से टक्कर हो गई, जिसमें स्कूटर सवार तीन लड़कों की मौत हो गई और एक अन्य गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि चारों लड़के शनिवार रात चामराजनगर में गलीपुरा के पास रिंग रोड पर स्कूटर चला रहे थे। यह करिवराधराज हिल को जोड़ने वाले राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित है। मृतकों की पहचान गलीपुरा इलाके के मेहरान (13) और अदनान पाशा (9) और चामराजनगर के केपी मोहल्ला के रेयान (8) के रूप में हुई है।

पुलिस ने बताया कि स्कूटर पर सवार फैजल (11) गंभीर रूप से घायल है और जीवन के लिए संघर्ष कर रहा है। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि स्कूटर तमिलनाडु की ओर जा रही कार और चामराजनगर की ओर आ रहे ट्रक के बीच फंस गया।

टक्कर में स्कूटर पूरी तरह से क्षतिग्रस्त गया। मेहरान की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि बाकी लोगों को सिम्स अस्पताल ले जाया गया और बाद में मैसूर के एक निजी अस्पताल में स्थानांतरित कर दिया गया।

काफी प्रयासों के बावजूद दो और बच्चों को बचाया नहीं जा सका। कार में सवार दो लोगों को भी मामूली चोटें आईं। कार और लॉरी दोनों के चालकों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है तथा जांच जारी है।

## यूपी में बेटियों को बराबरी का हक

### विवाह अब नहीं बनेगा हक की दीवार, बेटियां पाएंगी खेत-खलिहान में अपना हिस्सा



**सुरेश गांधी**

**वाराणसी।** उत्तर प्रदेश सरकार महिलाओं के अधिकारों को लेकर एक ऐसा कदम उठाने जा रही है, जो केवल कानूनी सुधार ही नहीं बल्कि सांस्कृतिक पुनर्जागरण भी होगा। खास यह है कि यह न केवल कानूनी सुधार होगा बल्कि समाज की सोच में भी नव चेतना जगाएगा। अब तक विवाह, बेटी और खेत, इन तीन शब्दों के बीच एक अदृश्य दीवार खड़ी कर देता था। पिता के खेत-खलिहान में शादीशुदा बेटी को अधिकार नहीं मिलता था। या यूं कहे सदियों से पिता की विरासत को लेकर बेटियों के हिस्से में बस ममता की स्मृतियां आती रही हैं, खेत-खलिहान पर उनका नाम नहीं लिखा जाता था। विवाह, जो जीवन का उत्सव होना चाहिए था, बेटियों के लिए हक खोने की घोषणा बन जाता था।

यह व्यवस्था लंबे समय से भेदभाव और पीड़ा का प्रतीक मानी जाती रही है। अब यह अन्याय मिटने जा रहा है। अब उत्तर प्रदेश राजस्व परिषद ने जिस संशोधन का प्रस्ताव तैयार किया है, उससे यह अन्याय मिटने की दिशा में उम्मीद की नई किरण फूटी है। मतलब साफ है यह फैसला केवल कानून की किताब में बदलाव नहीं है, बल्कि संस्कृति और समाज की आत्मा में सुधार है। यह उन बेटियों के लिए न्याय है, जो अब तक विवाह के नाम पर अपनी जन्मभूमि से कट जाती थीं। उत्तर प्रदेश की मिट्टी अब अपनी बेटियों से नहीं कहेगी, तुम पराई हो। बल्कि कहेगी, तुम भी मेरी संतान हो, और तुम्हारा भी उतना ही हिस्सा है जितना तुम्हारे भाई का।

वर्तमान राजस्व संहिता-2006 की धारा 108(2) के तहत विवाह, बेटी और जमीन के बीच एक कृत्रिम दीवार खड़ी कर देता था। पिता की मृत्यु पर जमीन विधवा, पुत्र और अविवाहित पुत्री के नाम दर्ज होती, जबकि विवाहित बेटी को उसका हिस्सा नहीं मिलता। यह मानो विवाह के बाद बेटी अपने ही घर और खेत से पराई हो जाती। या यूं कहे पिता की मृत्यु के बाद जमीन पर अधिकार विधवा, पुत्र और अविवाहित पुत्री को तो मिलता, पर विवाहित बेटी को नहीं। यह स्थिति उस समाज में और भी कटु प्रतीत होती थी, जो बेटी को लक्ष्मी मानकर घर से विदा करता है। प्रस्तावित संशोधन में अब विवाहित और अविवाहित शब्द हट जाएंगे। इसका अर्थ है कि बेटी चाहे विवाहिता हो या अविवाहिता, वह उत्तराधिकारी है, और बराबरी से है।

भारतीय परंपरा में पृथ्वी को धरणी माता कहा गया है, और पुत्री को भी माता की प्रतिछाया माना गया है। फिर कैसा यह विरोधाभास कि भूमि पर बेटी का अधिकार विवाह के नाम पर छिन जाए? महाभारत में द्रौपदी ने जुए के दांव में अपने अपमान पर जो प्रश्न उठाया था, वह दरअसल स्त्री की अस्मिता और अधिकार का प्रश्न था।

## 'टोटी चोर' कहने पर अखिलेश यादव की पार्टी भड़की

### भाजपा विधायक केतकी सिंह को सपा ने मानहानि का नोटिस भेजा



**लखनऊ, 07 सितम्बर।** समाजवादी पार्टी (सपा) ने उत्तर प्रदेश के बलिया जिले के बांसडीह विधानसभा क्षेत्र से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) विधायक केतकी सिंह को मानहानि का नोटिस जारी किया है। केतकी सिंह ने आरोप लगाया था कि सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने अपने कार्यकाल के दौरान मुख्यमंत्री आवास से नल (टोटियाँ) चुराई थीं। एक यूट्यूब चैनल पर प्रसारित एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान लगाए गए इस आरोप ने दोनों दलों के बीच राजनीतिक विवाद को जन्म दे दिया।

समाजवादी अधिवक्ता सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष कृष्ण कन्हैया पाल द्वारा 5 सितंबर को भेजे गए इस नोटिस में कहा गया है कि केतकी सिंह के आरोप झूठे, भ्रामक और अपमानजनक थे। नोटिस में उन पर उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और समाजवादी पार्टी के वर्तमान राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की छवि खराब करने के इरादे से जानबूझकर प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित करने का आरोप लगाया गया है। पाल ने विधायक से औपचारिक माफी माँगी और कहा कि इसे 15 दिनों के भीतर प्रमुख राष्ट्रीय समाचार पत्रों में प्रकाशित किया जाए और उसी यूट्यूब चैनल पर प्रसारित किया जाए। पार्टी ने चेतावनी दी कि ऐसा न करने पर दीवानी और आपराधिक मानहानि का मुकदमा चलाया जाएगा।मानहानि के दावों के बाद, समाजवादी पार्टी की महिला कार्यकताओं के एक समूह ने लखनऊ में केतकी सिंह के आवास के बाहर विरोध प्रदर्शन किया। कथित तौर पर उनकी टिप्पणियों के जवाब में किए गए इस विरोध प्रदर्शन में जोरदार प्रदर्शन हुए और विधायक के आरोपों का संदर्भ देते हुए प्रतीकात्मक रूप से उन्हें नल उपहार देने की कोशिश की गई। केतकी सिंह, जो उस समय बलिया में थीं, ने प्रदर्शनकारियों पर उनके घर में तोड़फोड़ करने और उनकी नाबालिग बेटी को डराने का आरोप लगाया, जिसने इस हंगामे के कारण स्कूल जाना छोड़ दिया था। उन्होंने इस घटना के संबंध में पुलिस में शिकायत दर्ज कराने की कसम खाई। सपा महिला सभा की नेता नेहा यादव ने कहा कि यह विरोध प्रदर्शन कानून-व्यवस्था, रोजगार, महिला सुरक्षा और किसानों की आय सहित विभिन्न मुद्दों पर जवाबदेही की माँग के साथ-साथ 'नल चोरी' के आरोपों का जवाब देने के लिए भी था।

## उपराष्ट्रपति चुनाव में विपक्षी उम्मीदवार सुदर्शन रेड्डी का समर्थन करेगी एआईएमआईएम

**हैदराबाद।** एआईएमआईएम अध्यक्ष असदुद्दीन ओवैसी ने उपराष्ट्रपति पद के लिए विपक्ष के उम्मीदवार बी सुदर्शन रेड्डी को अपनी पार्टी का समर्थन देने का शनिवार को ऐलान किया। ओवैसी ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि तेलंगाना सीएमओ ने उनसे बात की और नौ सितंबर को होने वाले उपराष्ट्रपति चुनाव में रेड्डी की उम्मीदवारी का समर्थन करने का अनुरोध किया। उन्होंने कहा, तेलंगाना सीएमओ ने आज मुझसे बात की और अनुरोध किया कि हम उपराष्ट्रपति चुनाव में न्यायमूर्ति सुदर्शन रेड्डी का समर्थन करें।






# पालघर जिला हर क्षेत्र में बनेगा अग्रणी: पालकमंत्री गणेश नाईक



**पालघर(उत्तरशक्ति)।** मुख्यमंत्री समृद्ध पंचायतराज अभियान अंतर्गत जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन आज जिला परिषद, पालघर में बड़े उत्साह के साथ संपन्न हुआ। यह अभियान 17 सितंबर से 31 दिसंबर तक संपूर्ण जिले में चलाया जाएगा। अभियान के अंतर्गत उत्कृष्ट कार्य करने वाली ग्राम पंचायतों को प्रोत्साहन पुरस्कार भी प्रदान किए जाएंगे।

कार्यशाला की अध्यक्षता वन मंत्री तथा पालकमंत्री गणेश नाईक ने की। इस अवसर पर सांसद डॉ. हेमंत सवरा, विधायक राजेंद्र गावित, जिला परिषद पालघर के मुख्य कार्यकारी अधिकारी मनोज रानडे, प्रकल्प अधिकारी विशाल खत्री, अपूर्वा बासुर, अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी रविंद्र शिंदे, प्रकल्प संचालक डॉ. सातपुते, तथा उपमुख्य कार्यकारी अधिकारी (पंचायत) राजन पाटील विशेष रूप से उपस्थित रहे। इस कार्यशाला में बड़ी संख्या में गटविकास अधिकारी, ग्रामविकास अधिकारी, सरपंच और उपसरपंचों ने सहभागिता दर्ज कराई। पालकमंत्री गणेश नाईक ने अपने संबोधन में कहा कि पालघर जिला महाराष्ट्र में सर्वांगीण विकास के मामले में पहले स्थान पर होगा। शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार जैसे क्षेत्रों में जिले को आगे लाने के लिए मैं प्रतिबद्ध हूं। राज्य स्तर के सभी पुरस्कार पालघर जिले को ही मिलें, यह मेरी इच्छा है, और इसके लिए सभी को मिलजुलकर प्रयास करने होंगे। कार्यशाला में लोकाभिमुख सक्षम पंचायतराज, पंचायतों का आर्थिक सशक्तिकरण, मनरेगा व ग्रामविकास योजनाओं की प्रभावी कार्यान्विति तथा नवोन्मेषी उपक्रमों की आवश्यकता पर विस्तार से मार्गदर्शन किया गया। स्वच्छ गांव सुंदर गांव समृद्ध गांव की संकल्पना के तहत विकसित और प्रगतिशील ग्राम पंचायतों का निर्माण करने का आवाहन भी इस अवसर पर किया गया। मुख्य कार्यकारी अधिकारी मनोज रानडे ने सभी ग्राम पंचायतों से आह्वान किया कि इस अभियान में सक्रिय रूप से हिस्सा लें और पहला पुरस्कार हमारे पालघर जिले को ही दिलाने का प्रयास करें। कार्यशाला में उपमुख्य कार्यकारी अधिकारी (ग्रामपंचायत) राजन पाटील ने पीपीटी प्रस्तुति के माध्यम से अभियान की विस्तृत जानकारी दी। उनके मार्गदर्शन में कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस अवसर पर ग्रामपंचायत विभाग के सभी अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

## विसर्जन दिवस पर टायगर ग्रुप द्वारा गणेश भक्तों को नि:शुल्क अल्पोपहार और पानी का वितरण




**मुंबई (उत्तरशक्ति)।** गणेश विसर्जन के दिन, टायगर ग्रुप की ओर से सभी गणेश भक्तों के लिए नि:शुल्क नाश्ता और पानी का वितरण किया गया। यह सामाजिक उपक्रम लाल बहादुर शास्त्री मार्ग स्थित सर्वोदय सिग्नल के पास राधा कृष्ण होटल के सामने आयोजित किया गया।

उक्त कार्यक्रम टायगर ग्रुप के राष्ट्रीय अध्यक्ष तानाजी भाऊ जाधव और मुंबई प्रदेश अध्यक्ष पै. संजय भाऊ खंडागळे की प्रेरणा से संपन्न हुआ। टायगर ग्रुप घाटकोपर के राहुल भाऊ पवार के नेतृत्व में इस कार्यक्रम को सफलतापूर्वक किया गया। कार्यक्रम के दौरान कई गणमान्य लोगों की उपस्थिति रही। उपस्थित गणमान्य व्यक्तियों में प्रमुख रूप से समाजसेविका छायाताई संजय खंडागळे, घाटकोपर तालुका अध्यक्ष प्रशांत शर्मा, समाजसेवक हितेश शेट्टी, नितीन जगताप, विनोद जाधव, मुंबई सरचिटणीस रोमियो राठोड, और टायगर ग्रुप के सक्रिय सदस्य दहिसर के.पी, नीतू, संतोष राठोड़, नितिन गोवर्धन, सोहेल आदि शामिल थे।

## बोईसर में धूमधाम से मनाया गया ईद -ऐ मिलाद



**पालघर(उत्तरशक्ति)।** जिले के बोईसर में मदरसा सय्यदा फातिमा-तुज जहरा लिलबनात में पैगंबर मुहम्मद (स.अ) के जन्मदिवस की खुशी में ईद-ऐ मिलाद धूमधाम से मनाया गया। मदरसे के बच्चों ने कि रत, नात पाक पढकर कार्यक्रम का सुरूवात किया, शिक्षिका अफसाना जहरा द्वारा नबी के जीवन संबंधित तकरीर पेश किया गया। मदरसे के संचालक श्री. खुर्शीद आलम खान ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि जिन बच्चों को भी पढ़ने में आर्थिक दिक्कत सामने आती है तो आप बेजिझक मुझसे संपर्क कर सकते हैं, किताब, कलम, गणवेश व जरुरी साहित्य मुफ्त में दिया जाएेगा, हम चाहते हैं, आप बडे होकर आलिम, आलिमा, हाफिज, डाक्टर, इंजिनियर बनें अपने समाज और देश की सेवा करें। वहीं जिन बच्चों ने पढाई व नात, तकरीर में अच्छा प्रदर्शन किया उन्हें मेडल और पुरस्कार देकर संमानित किया गया। सभी बच्चों को बिस्कुट, चाकलेट व अन्य मिष्ठान पदार्थ वितरित किये गऐ। आखिर में सलातो सलाम पढकर कार्यक्रम का समापन हुआ। इस मौके कमेटी के सभी सदस्य व मदरसे के शिक्षक समसुद्दुहा, अफसाना जहरा, सुफिया अंसारी व अन्य गणमान्य मौजूद रहे।

## भिवंडी महानगर पालिका द्वारा मनाई गयी 'राजे उमाजी नाईक' की जयंती



**भिवंडी (उत्तरशक्ति)।** भिवंडी मनपा द्वारा महान क्रांतिकारी ब्रिटिश हुकूमत की ईंट से ईंट बजाने वाले भारत के शुरूआती स्वतंत्रता सेनानियों में से एक 'राजे उमाजी नाईक' की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर मनाई गयी । बतादें कि महाराष्ट्र सरकार के सामान्य प्रशासन विभाग के दिनांक 18.02.2025 के परिपत्र के अनुसार भिवंडी मनपा के प्रशासक एवं आयुक्त अनमोल सागर (भा.प्र.से.) के निदेर्शानुसार मनपा मुख्यालय प्रांगण में तल मजला पर 'राजे उमाजी नाईक' जयंती के अवसर पर मार्केट, लाइसेंस एवं संपत्ति विभाग की विभागाध्यक्ष स्नेहल पुण्यार्थी ने राजे उमाजी नाईक की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित किया। इस अवसर पर भिवंडी मनपा के अधिकारी एवं कर्मचारी आदि लोग उपस्थित थे।

## माहेश्वरी महिला समिति ने शिक्षक दिवस के अवसर पर समाज के शिक्षकों का किया गया सम्मान



**भिवंडी(उत्तरशक्ति)।** 5 सितंबर को पूरे देश में पूर्व राष्ट्रपति डा. सर्वपल्ली राधाकृष्णन का जन्मदिन शिक्षक दिवस के रूप में मनाया जा रहा था इसी तरह शुक्रवार को भिवंडी शहर के श्री गोपाल कृष्ण मंदिर हाल में माहेश्वरी महिला समिति द्वारा समाज के शिक्षकों के लिए एक विशेष सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। बतादें कि माहेश्वरी महिला समिति की अध्यक्ष बबीता द्वारका असावा की संकल्पना से कार्यक्रम में माहेश्वरी समाज के ठाणे जिला अध्यक्ष और स्वयं सिद्धि कालेज के प्राचार्य डा. महेश सोनी, उपाध्यक्ष सीमा डागा, श्री माहेश्वरी मंडल के अध्यक्ष ओम प्रकाश भूतड़ा, सचिव कन्हैयालाल पेड़ीवाल विशेष रूप से उपस्थित थे। इस कार्यक्रम में समाज के शिक्षकों को चांदी की सरस्वती प्रतिमा भेंट कर सम्मानित किया गया। तत्पश्चात उपस्थित महिलाओं ने शिक्षक दिवस की शुभकामनाओं के साथ आयोजित खेलकूद कार्यक्रम में भाग लिया। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए अध्यक्ष बबीता असावा के नेतृत्व में सचिव सीमा जागेटिया, दिव्या बजाज, रिया झंवर, मनीषा सिकची, शेफाली हेड़ा, दीपा सारड़ा, सुनीता चांडक, रक्षा करवा, सुधा सारड़ा, शीला डागा, गायत्री तोषनीवाल, जागृति कलंत्री, राजेश्वरी राठी, प्रीति सोमानी, सुनीता सोमानी का अथक प्रयास रहा है।

## शुभ्रांशु दीक्षित भाजपा उत्तर मध्य मुंबई जिला के महामंत्री नियुक्त



**मुंबई (उत्तरशक्ति)।** घाटकोपर पश्चिम के असल्फा गांव के जाने माने समाजसेवक और समाज के हर वर्ग में गहरी पैठ बना चुके युवा हर दिल अजीज नेता शुभ्रांशु दीक्षित को हॉल ही में भारतीय जनता पार्टी उत्तर मध्य मुंबई जिला का नया महामंत्री नियुक्त किया है। पार्टी की ओर से शुक्रवार को इसकी औपचारिक घोषणा की गई। बता दें कि शुभ्रांशु दीक्षित काफी समय से भाजपा संगठन से जुड़े हुए हैं। मृदुभाषी , मिलनसार, ईमानदारी के प्रतीक शुभ्रांशु दीक्षित की युवाओं में मजबूत पकड़ मानी जाती है। वह सामाजिक और राजनीतिक गतिविधियों में सक्रिय रहते हुए पार्टी को जमीनी स्तर पर मजबूत करने का काम कर रहे हैं। इसके अलावा समय समय पर मुफ़्त चिकित्सा शिविर, स्कूली बच्चों को शैक्षणिक सामग्री का वितरण भी करवाते रहते हैं। चांदीवली विधानसभा में उत्तर भारतीय समाज में उनकी गहरी पैठ है। वे लंबे समय से भारतीय जनता पार्टी को बढ़ाने के लिए जी जान से जुटे हुए हैं। शुभ्रांशु दीक्षित को उत्तर मध्य मुंबई जिला का महामंत्री बनाए जाने पर उत्तर भारतीय समाज में खुशी की लहर दौड़ पड़ी है। उन्हें बधाई देने वालों का तांता लगा हुआ है।

## केसीएन क्लब की ओर से शिक्षक दिवस पर 12 विशिष्ट शिक्षकों को मिला महाराष्ट्र शिक्षक गौरव सम्मान



**पालघर(उत्तरशक्ति)।** जिले के बोईसर शहर में राष्ट्रीय सेवाभावी संगठन नोइंग सिटीजन्स नीड़ क्लब केसीएन क्लब द्वारा शिक्षा को विशेष महत्व देने के लिए शिक्षक दिवस पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में नगर के विशिष्ट शिक्षको को महाराष्ट्र विशिष्ट शिक्षक गौरव सम्मान से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ कवि पत्रकार सम्पत उजाला ने की तथा विशिष्ट अतिथि के रुप में चिकित्सक साहित्यकार कुमार कलहंस उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन निर्झरिणी के जिलाध्यक्ष नवरत्न मिश्र अर्पित ने किया। कार्यक्रम में जिला परिषद हिंदी विद्यालय धनानी नगर के शिक्षक निलेश सिंह, श्री साईं ज्ञान मंदिर हाईस्कूल शिवाजीनगर की शिक्षिका संध्या राजीव त्रिपाठी, आशादीप विद्यामंदिर हाईस्कूल, धनानी नगर के प्रधानाध्यापक हरिओम शरण मिश्र, शिक्षक शिव प्रताप बी मिश्र, शिक्षिका जया शरद कुरकुटे, तारापुर भाभा एटॉमिक रिर्सच सेंटर, विद्यालय की पूर्व शिक्षिका अश्विनी एन जोशी तारापुर विद्या मंदिर,बोईसर की पूर्व प्रधानाचार्य मनीषा विलास पिम्पले, दिपार्द हिन्दी हाईस्कूल के शिक्षक सुजीत यादव, यशराज हाईस्कूल बोईसर के शिक्षक परशुराम यादव, श्री अनिरुद्ध इंग्लिश हाईस्कूल गणेश नगर के शिक्षक अनिल चौधरी, बोईसर मिलिट्री स्कूल, पास्थल के शिक्षक लक्ष्मीकांत मिश्र, रघुवीर विद्यालय, यादव नगर के शिक्षक क्षमानाथ विश्वनाथ पाल को महाराष्ट्र विशिष्ट शिक्षक गौरव सम्मान पत्र, शॉल, श्रीफल, तिरंगा पट्टा, पुस्तक, कलम भेंट देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में संगठन की साहित्यिक उपशाखा निर्झरिणी की 140 मासिक गोष्ठी का भी आयोजन किया गया। जिसमें कवि सम्पत उजाला ने धुंधलेपन में जो सफर रोशन करावे वो हे शिक्षक। अंकिचन को जो कांचन बनाते हे वो हे शिक्षक।, कवि कुमार कलहंस ने हर तरफ उसके ही चेहरे दिख रहे हैं क्या करूं। हर तरफ उसके ही मोहरे दिख रहे हैं क्या करूं। कवि बसन्त चौहान ने शिक्षक दिवस पर वंदन है शिक्षक समाज को, बिना गुरु के ज्ञान का गौरव नही मिलता, कवि नवरत्न मिश्रा₹अर्पित₹ ने कलेजा फट के रह जायेगा जब अंजाम देखोगे, मुझे गुमनाम करनें वालों मेरा नाम देखोगे। सहित दुष्यंत सिंह, शेखर तिवारी, वरुण मिश्र , के.के. श्रीवास्तव सहित कवियों ने अपनी बेहतरीन रचनाओं से सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम में राजीव त्रिपाठी, डॉ सत्येंद्र यादव, अभिजीत जोशी, बाबा गिरी , राकेश आचार्य, यजुर्वेद सावे, सुनील पाटिल, शोभनाथ त्रिपाठी , संगीता जायसवाल सहित अन्य अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे। केसीएन क्लब के राष्ट्रीय अध्यक्ष नंदन मिश्र त्यागी ने कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु सभी उपस्थित जनों के प्रति आभार व्यक्त किया।

## गणेश विसर्जन पर भक्तों के लिए संजय सिंह ने की उत्तम व्यवस्था



**मुंबई (उत्तरशक्ति)।** विगत वर्षों की तरह इस वर्ष भी अनंत चतुर्दशी को गणपति बाप्पा की विदाई बेला पर उत्तर भारतीय संघ के उपाध्यक्ष संजय सिंह के कुशल मार्गदर्शन व नेतृत्व में पवई तलाब के लिए जाने वाले गणेश भक्तों के लिए खाद्य पदार्थ, पेयजल, सहायता केंद्र से जुड़ा भव्य कार्यक्रम पवई प्लाजा, तनिष्क ज्वेलर्स पवई में सेवा मंच स्थापित किया गया। भारी संख्या में भक्तगणों ने सुविधा का लाभ उठाया। स्वर्गीय आर. एन. सिंह की प्रतिमा को पुष्प अर्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित कर कार्यक्रम का प्रारंभ हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथी संतोष आर.एन. सिंह ने उपस्थि गणेश भक्तों का आभार व्यक्त कर खाद्य पदार्थ वितरण किया। अन्य विशेष अतिथी मनोज कोटक (पूर्व सांसद) पूनम महाजन (पूर्व सांसद) अमरजीत सिंह (मुंबई भाजपा उपाध्यक्ष) जयप्रकाश सिंह (शिवसेना नेता) बृजमोहन पांडे (वरिष्ठ पत्रकार) राजेश सिंह (राष्ट्रीय प्रवक्ता उत्तर भारतीय सभा) विनोद मिश्रा, गीता संजय सिंह, ध्रुव पांडे, विपिन सिंह, जितेंद्र सिंह, रणधीर सिंह, पोपट तिवारी, रोहित उपाध्याय, प्रदीप गुप्ता, जसवंत यादव, यश गुप्ता, जयशंकर सिंह, सुरेंद्र गिरी, ओमप्रकाश जायसवाल, आनंद अग्रहरि, अंतेश सिंह, संजु सिंह, विशाल सिंह, चंदन सिंह, अंकिता सिंह, नीतू सिंह, करन सिंह, अर्जुन सिंह, रिया सिंह कृष सिंह , सोनल सिंह , आरव सिंह, कैप्टन विशाल सिंह, सुरभि सिंह, सीडी सिंह, आईपी पांडे पूनम सिंह व अन्य गणमान्य उपस्थित थे। सभी अतिथीगण ने सेवा कार्य हेतु गणेश भक्तों को खाद्य पदार्थ वितरित किया। संजय सिंह ने इस अवसर पर कहा कि सेवा मंच स्थापित कर सेवा कार्य से मन में असीम शांति उर्जा मिलती है। मानव सेवा ही ईश्वर सेवा है। मेरे जीवन का संकल्प है, जीवन के अंतिम समय तक सामाजिक सेवा मानव सेवा करता रहूंगा। उन्होंने उत्तर भारतीय संघ के सामाजिक कार्यों पर प्रकाश डाला और संघ के सदस्य बनने के लिए आव्हान किया। संजय सिंह ने उपस्थित सभी अतिथियों का गणेश नामी दुपट्टा देकर स्वागत किया व सभी गणेश भक्तों का आभार व्यक्त किया।

## गणपति बप्पा मोरया के उदघोष के साथ अनंत चतुर्दशी पर गणराया को दी गई भावपूर्ण विदाई




**पालघर(उत्तरशक्ति/अजीत सिंह)।** भाद्रपद मास, शुक्ल पक्ष, गणेश चतुर्थी तिथि के पावन अवसर पर पालघर जिले के साथ ही साथ पुरे महाराष्ट्र में बने भव्य पंडालों व घरों में दुःखहर्ता, सुखकर्ता, विघ्नेश्वर भगवान श्री गणेश जी का आगमन होने के पश्चात ठीक 11वें दिन शनिवार 6 सितंबर 2025 भाद्रपद मास शुक्ल पक्ष के अनंत चतुर्दशी तिथि पर गणपति बप्पा की विदाई ढोल, ताशा, घंटाल, गाजे बाजे के साथ बड़े धूमधाम की गई। इस पावन अवसर पर पालघर जिले के बोईसर शहर में भी बप्पा की विदाई के लिए गणेश भक्तों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। जहां गणेश भक्तों की सुरक्षा सुनिश्चित करने हेतु पालघर पुलिस अधीक्षक यतीश देशमुख अपने मातहत अधिकारियों के साथ सुरक्षा व्यवस्था की निगरानी करते रहे। वहीं यातायात पुलिस टीम भी यातायात व्यवस्था को दुरुस्त करने में लगी रही। इस पावन अवसर पर सार्वजनिक गणेश पंडालों में सार्वजनिक गणेशोत्सव मंडल बोईसर बोईसर चा राजा, एमआईडीसी का महाराजा, केमलिन चौराहा, तारापुर औद्योगिक क्षेत्र, पंचतत्व सेवा संस्था अवधनगर बोईसर, युवा सार्वजनिक गणेशोत्सव मित्र मंडल बंजारी समाज का महाराजा, संजय नगर बोईसर, श्री सार्वजनिक गणेशोत्सव मंडल बोईसर का सुखकर्ता संजय नगर, शिवसेना प्रणित जय महाराष्ट्र रिक्शा टैक्सी टैंपो चालक मालक संघटना गणेशोत्सव मंडल बोईसर शहर, पालघर जिल्हा ऑटो रिक्शा टैक्सी चालक मालक संघटना बोईसर सार्वजनिक गणेशोत्सव मंडल बोईसर, बाल गोपाल मित्र मंडल भंडार वाडया चा सम्राट, बाल गोपाल मित्र मंडल बोईसर काटकरपाडा, युवा मित्र महिला मंडल चा महाराजा गणेश नगर बोईसर, शिवतेज मित्र मंडल का महाराजा धर्मनगरी आजाद नगर बोईसर, युवा सर्व सनातन चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा संचालित युवा सर्व सहयोगी मित्र मंडल महाराष्ट्र का महाराजा यादव नगर बोईसर इत्यादि गणेशोत्सव मंडलों की ओर से श्री गजानन जी महाराज का पूजन अर्चन करने के पश्चात महाआरती कर ढोल, ताशा, घंटाल, गाजे-बाजे के साथ, गणपति बप्पा मोरया।

अगले बरस तू जल्दी आ।। का उदघोष करते बप्पा की विदाई की गई।इस दौरान भारी बारिश के बावजूद पूरे बोईसर शहर में सड़क किनारे भक्तों की भारी भीड़ गणपति बप्पा के अंतिम दर्शन के लिए देर रात तक टकटकी बांधे खड़ी रही।

## अनुश्री फाउंडेशन द्वारा शिक्षक दिवस पर जरूरतमंदों को मिला शिक्षा व रोजगार का संबल



**पालघर(उत्तरशक्ति)।** अनुश्री फाउंडेशन ने शिक्षक दिवस को समाजसेवा से जोड़ते हुए 6 सितंबर को अपने कार्यालय में विशेष कार्यक्रम आयोजित किया। इस अवसर पर जरूरतमंद बच्चों को अल्पाहार के साथ ही साथ पढ़ाई में सहयोगस्वरूप 50 बच्चों को नोटबुक वितरित की गई।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में टेप्स नंबर 3 स्कूल के प्रिंसिपल आशीष मिश्रा, वाइस प्रिंसिपल वैदेही सोनी, यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के मैनेजर प्रतीक पाठक तथा सोशल सर्विस फेडरेशन की सदस्या स्मिता संखे उपस्थित रहीं। संस्था के जिला अध्यक्ष सुभाष पाण्डेय ने अतिथियों का शाल व पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया। पुष्पा तिवारी ने सभी का आभार जताया। इस अवसर पर 50 से अधिक महिलाओं ने भी उत्साहपूर्वक भागीदारी की। महिलाओं को नाश्ता वितरित किया गया और उन्हें शिक्षा तथा रोजगार के महत्व से अवगत कराया गया। इस मौके पर अनुश्री फाउंडेशन की ओर से घोषणा की गई कि पढ़ाई जारी रखना चाहने वाले वयस्कों को संस्था निशुल्क शिक्षा उपलब्ध कराएगी तथा पांचवीं कक्षा तक की पढ़ाई कराकर प्रमाणपत्र भी देगी। संस्था पेंसिल, रबर, नोटबुक सहित संपूर्ण खर्च वहन करेगी। महिलाओं के आत्मनिर्भरता की दिशा में संस्था ने सिलाई प्रशिक्षण देकर रोजगार उपलब्ध कराने की भी घोषणा की। पुष्पा तिवारी ने कहा कि शिक्षा और रोजगार से ही महिलाओं का सशक्तिकरण संभव है। वहीं, यूनियन बैंक के मैनेजर प्रतीक पाठक ने बैंकिंग जागरूकता पर प्रकाश डालते हुए सभी से ईमानदारी और सहयोग की शपथ दिलाई।

## हर्षोल्लाश से गणपति बप्पा की 2481 गणेश प्रतिमाओं का किया गया विसर्जन

### 159 गणेश प्रतिमाएँ कृत्रिम तालाब में की गयी विसर्जित



**आचार्य सूरजपाल यादव**

**भिवंडी (उत्तरशक्ति)।** भिवंडी शहर में ढोल-नगाड़ों के साथ नाचते हुये प्रिय गणपति बप्पा को बड़े हर्षोल्लास के साथ 'गणपति बप्पा मोरया, अगले बरष तू जल्दी आ' के नारों के साथ नम आंखों से विदाई दी गई। बतादें कि भिवंडी महानगर पालिका ने कामवारी नदी, वडालदेवी तालाव, भादवड़ तालाब और नारपोली तालाबों के साथ दस कृत्रिम तालाबों सहित विसर्जन की व्यापक व्यवस्था की थी। मनपा आयुक्त अनमोल सागर ने स्वयं शाम को सभी विसर्जन स्थलों का दौरा किया और वहाँ की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। महानगर पालिका ने विसर्जन स्थलों पर जीवन रक्षक दल, अग्निशमन दल, आपात कालीन व्यवस्था, स्वच्छता और स्वास्थ्य विभाग और चिकित्सा दल तैनात करने के साथ नागरिकों के लिए पेयजल की भी व्यवस्था की गई थी। मनपा प्रशासन द्वारा अधिक से अधिक गणेश भक्तों से कृत्रिम तालाब में गणेश विसर्जन करने की अपील के बाद शाम 4 बजे छत्रपति शिवाजी महाराज चौक स्थित कृत्रिम तालाब में गणेश विसर्जन समारोह का उद्घाटन किया गया। जिसके बाद देर रात तक चले विसर्जन समारोह में 2094 घरेलू और 387 सार्वजनिक, कुल 2481 गणेश प्रतिमाओं का विसर्जन किया गया। इसमें कृत्रिम तालाब में विसर्जित 159 गणेश प्रतिमाएं शामिल हैं। गणेश विसर्जन मार्ग पर विसर्जन जुलूस के दौरान किसी भी अप्रिय घटना को रोकने के लिए पुलिस उपायुक्त शशिकांत बोराटे के नेतृत्व में पूरे शहर में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की गई थी। इसके लिए शहर में 20 ड्रोन कैमरों और 800 सीसीटीवी की मदद ली गई थी। सुरक्षा के लिए राज्य रिजर्व बल की इकाइयों के साथ 927 पुलिस अधिकारी और कर्मचारी तैनात किए गए थे। पिछली बार विसर्जन जुलूस के दौरान कथित पथराव के कारण बड़ा विवाद खड़ा हो गया था जिसे देखते हुए पुलिस उपायुक्त शशिकांत बोराटे ने किसी अप्रिय घटना को टालने के लिये दोपहर 2 बजे से संवेदनशील इलाकों सहित विसर्जन मार्ग के सभी होटल, रेस्तरां और दुकानों को बंद करा दिया गया ।

उत्तरशक्ति
* संपादकः ओमप्रकाश प्रजापति
* उप संपादकः प्रेम चंद मिश्रा
*प्रबंध संपादकः डा. शेषधर बिन्द
उपरोक्त सभी पद अवैतनिक है।
पत्राचार कार्यालय:
उत्तरशक्ति (हिंदी दैनिक)
मुंबई-पूणे मोटर मालक श्रमजीवन प्रिमायसेस को.सो., बी-5, ए-337 ट्रक टर्मिनल डब्लू.टी.टी. रोड, आर.टी.ओ. जवल ऑटाफ हिल वडाला, मुंबई-37
मो.- 9554493941
email ID- uttarshaktinews@gmail.com




**स्वामीः शरद फागूराम प्रजापति, प्रकाशक, मुद्रक व संपादक ओमप्रकाश रविंद्रनाथ प्रजापति** द्वारा सोमानी प्रिंटिंग प्रेस, यूनिट क्रमांक 4, तल मजला, एन.के. इंडस्ट्रियल स्टेट, आरे रोड, प्रवासी इंडस्ट्रियल एस्टेट, जवल, गेट क्रमांक 2, गोरेगांव (पूर्व), मुंबई-400063, महाराष्ट्र से मुदित एवं के-4, रूम नं. 8, ग्राउंड फ्लोर न्यू समता सहकारी को.ऑ. हां. सोसाइटी, एमएमआरडीए कॉलोनी कंजूरमार्ग (वेस्ट), जिला मुंबई- 400078, महाराष्ट्र से प्रकाशित। RNI NO. MAHHIN/2018/76092 * **संपादक- ओमप्रकाश रविंद्रनाथ प्रजापति,** समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों के लिए उत्तरदाई तथा इससे उत्पन्न समस्त विवाद मुंबई न्यायालय के अधीन होंगे।
**पत्राचार कार्यालयः** मुंबई-पूणे मोटर मालक श्रमजीवन प्रिमायसेस को.सो., बी-5 ए-337 ट्रैक टर्मिनल, डब्लू.टी.टी. रोड, आर.टी.ओ. जवल, ऑटाफ हिल, वडाला मुंबई -37, **मो.-** 9554493941 **email ID- uttarshaktinews@gmail.com**

# रोडवेज बस चालक को दबंगों ने मारपीट कर किया लहूलुहान

शाहगंज,जौनपुर(उत्तरशक्ति)।एक रोडवेज चालक को दबंगों ने बुरी तरह मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़ित द्वारा पुलिस बुलाने पर मौके से फरार हो गए दबंग। जानकारी के अनुसार जफराबाद थाना क्षेत्र के ग्राम नेवादा निवासी वीरेंद्र कुमार यादव पुत्र जोखू यादव उत्तर प्रदेश परिवहन विभाग में चालक के पद पर तैनात हैं। शनिवार की सुबह वीरेंद्र यादव अपने रोडवेज बस पर सवारी लेकर शाहगंज आरहे थे। आरोप है की कोतवाली क्षेत्र के सबरहद के पास आधा दर्जन से अधिक की

## पीड़ित ने आधा दर्जन दबंगों के खिलाफ पुलिस को दिया लिखित तहरीर

संख्या में मोटरसाइकिल सवार दबंगों ने गालियां देते हुए बस रोकने को कहा।बस न रोकने पर उक्त सभी दबंग बस डिपो पहुंचे और सभी एक जुट होकर लाठी डंडे से बुरी तरह मारपीट कर घायल कर दिया।पीड़ित द्वारा डायल 112 पर फोन करने पर पहुंची पुलिस को देख कर सभी दबंग भाग गए। फिलहाल पीड़ित चालक ने कोतवाली पुलिस को क्षेत्र के मोलनापुर निवासी आधा दर्जन दबंगों के खिलाफ नामजद लिखित तहरीर देते हुए कड़ी कार्यवाई की मांग की।

# जौनपुर में विषैले जंतु के काटने से दादी और पोती की हुई मौत

जौनपुर(उत्तरशक्ति)।जिले के मड़ियाहूं तहसील क्षेत्र के अहमदपुर गांव में विषधर के काटने से दादी-पोती की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार शुक्रवार को 62 वर्षीय मैना देवी पत्नी राजनाथ और पोती चारपाई पर सो रही थीं। दोनों को किसी विषैले जंतु शायद जहरीले सांप ने काट लिया। पोती की मौत जौनपुर ले जाते समय रास्ते में ही हो गई जबकि मैना देवी को परिजन जौनपुर जिला अस्पताल ले गए। प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। शनिवार रात करीब 9 बजे मैना देवी ने भी इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। एक ही परिवार में दो



मौतों से गांव में कोहराम मचा हुआ है। सूचना मिलते ही मड़ियाहूं थाने की पुलिस मौके पर पहुंची गई और शवों को कब्जे में ले लिया। एक साथ दादी पोती की मौत से गांव में कोहराम मच गया। परिजन का रो रोकर बुरा हाल है।

# चंद्र ग्रहण की छाया में काशी, बदली परंपरा पर आस्था अडिग

## 34 साल बाद अद्भुत नजारा चंद्र ग्रहण के कारण काशी में दोपहर की गंगा आरती

वाराणसी(उत्तरशक्ति)। जनपद में चंद्र ग्रहण के कारण रविवार को धार्मिक आयोजन पर



खासकर असर पड़ा शाम में होने वाली विश्व प्रसिद्ध गंगा आरती इस बार दोपहर 12:00 बजे घाट पर गंगा सेवा समिति द्वारा आयोजित किया गया। सूतक काल शुरू होने के चलते समय से पहले संपन्न कर दी गई। गंगा में इस बार सीजन की तीसरी बार आई भारी बाढ़ के कारण आरती स्थल बदलना पड़ा और वही श्रद्धालु आरती देखने पहुंचे। गंगा के रौद्र रूप को देखकर दूर से ही नमन कर लौट गए। दशाश्वमेध घाट पर जैसे ही दोपहर 12:00 बजे बटुकों ने मंत्रोच्चार के बीच गंगा आरती शुरू की, वैसे ही समय पर आरती पूरा करने का दबाव भी था इसके बावजूद वैदिक रीति से समय पर आरती संपन्न हुई। इधर शहर के प्रमुख मंदिरों में भी सूतक काल का असर दिखा काशी विश्वनाथ का पाठ 7:30 बजे बंद कर दिया जाएगा। वही अन्नपूर्णा मंदिर के पाठ भी 7:30 बजे बंद हो गए,संकट मोचन मंदिर, दुर्गाकुंड स्थित कुष्मांडा मंदिर, गौरी केदारेश्वर मंदिर दोपहर में भी बंद कर दिए गए जो अगले दिन भोर में तय समय पर खुलेंगे।

# दारोगा ने पंखे से लटक कर लगाई फांसी, हुई मौत

मिर्जापुर(उत्तरशक्ति)।चील्ह थाने में तैनात दारोगा अनिल कुमार ओझा ने आत्महत्या कर ली है। सूचना पर पुलिस अधीक्षक समेत आला-अधिकारी मौके पर पहुंचे। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजकर जांच में जुट गई है जानकारी के मुताबिक, चील्ह थाने में तैनात दरोगा अनिल कुमार ओझा (58) कुछ दूर पर किराए के कमरे में रहते थे। दारोगा का शव उनके कमरे में शनिवार को पड़ा मिला।



घटना की जानकारी मिलते ही क्षेत्र में हड़कंप मच गया। सूचना मिलते ही पुलिस के आला अधिकारी मौके पर पहुंच गए। इसके बाद मकान को सीज कर दिया गया है। अनिल कुमार ओझा की तैनाती 21 अगस्त 2024 से चील्ह थाने में हुई थी।विभागीय लोगों की मानें तो वह डिप्रेशन में रहते थे। चील्ह थाने में उनका स्थानांतरण भदोही से किया गया था। पिछले दिनों विभागीय तबादला के दौरान इन्हें चील्ह से देहात कोतवाली स्थानांतरित किया गया है। प्रतापगढ़ के रहने वाले अनिल कुमार के 1987 में पुलिस में भर्ती हुए थे। मौके पर पहुंचे पुलिस अधीक्षक सोमेन वर्मा ने प्रथम तल पर रहने वाले दरोगा के कमरे का निरीक्षण किया। अपर पुलिस अधीक्षक नगर नितेश सिंह ने बताया कि प्रतापगढ़ के मूलतः निवासी अनिल ओझा ने सुसाइड कर लिया। उनके बेटे मौके पर आ गए हैं, पंचनामा भर कर कानूनी कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने बताया कि मानसिक रूप से कुछ बीमार चल रहे थे। जिनका इलाज करीब 5 वर्षों से डॉ. संजय गुप्ता से चल रहा था। यह 1987 बैच के अधिकारी थे,फिलहाल घटना की जांच की जा रही है।

# 10 सितंबर को डेढ़ घंटे काशी में रहेंगे प्रधानमंत्री मोदी

वाराणसी(उत्तरशक्ति)।जनपद में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 10 सितंबर को काशी आएंगे और डेढ़ घंटे तक रहेंगे। प्रशासन से मिली जानकारी के मुताबिक, प्रधानमंत्री का विमान लालबहादुर शास्त्री अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट बाबतपुर पर उतरेगा। फिर प्रधानमंत्री हेलिकॉप्टर से पुलिस लाइन आएंगे। पुलिस लाइन से सड़क मार्ग के जरिये होटल ताज जाएंगे। पुलिस लाइन से होटल ताज के बीच भाजपा कार्यकर्ता प्रधानमंत्री का स्वागत करेंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी होटल में ही



मॉरीशस के प्रधानमंत्री नवीनचंद्र रामगुलाम के साथ द्विपक्षीय वार्ता करेंगे। साथ में लंच करेंगे, फिर रवाना हो जाएंगे। मॉरीशस के प्रधानमंत्री का दौरा 10 और 11 सितंबर का है। मॉरीशस के पीएम की अगवानी यूपी की राज्यपाल आनंदी बेन पटेल करेंगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ मॉरीशस के पीएम क्रूज से गंगा आरती देखेंगे। श्री काशी विश्वनाथ के दर्शन करेंगे।

# नवविवाहिता ने फांसी लगाकर दी जान, शादी को ढाई महीने ही हुए थे पूरे

जौनपुर (उत्तरशक्ति)। जफराबाद क्षेत्र के सरैया गांव की दलित बस्ती में शुक्रवार की रात एक 23 वर्षीय नवविवाहिता ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंच गई। गांव निवासी अभिषेक कुमार की पत्नी संजना देवी घर पर अकेली थी। पति अभिषेक और उसका भाई रोजगार के लिए करीब डेढ़ माह पहले अहमदाबाद गए हुए हैं। घटना के समय सास संगीता देवी भी मायके गई हुई थी। बताया गया कि देर रात संगीता देवी ने कई बार बहू संजना को फोन किया, लेकिन कॉल रिसीव न होने पर वह मायके के एक युवक के साथ घर पहुंची। दरवाजा बंद मिलने पर जबरन खोला गया तो संजना फांसी के फंदे पर झूलती मिली। सूचना पर थानाध्यक्ष रमेश कुमार पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। इस दौरान सीओ सिटी देवेश सिंह भी मौके पर पहुंचे। पुलिस ने बताया कि मृतका के मायके पक्ष से अभी कोई तहरीर नहीं मिली है। ज्ञात हो कि मृतका का मायका गौराबादशाहपुर के तरसन्ड गांव में है। उसकी शादी 18 जून 2025 को हुई थी।

# सोनभद्र स्टेशन पर कोयला लदी मालगाड़ी में आग लगी, स्टेशन मास्टर की सतर्कता से टली दुर्घटना

## दमकल विभाग ने पाया आग पर काबू

डॉ.सुनील कुमार मिश्रा

सोनभद्र (उत्तरशक्ति)। सोनभद्र रेलवे स्टेशन पर शक्तिनगर से तुगलकाबाद जा रही कोयला लदी मालगाड़ी में आग लगने से अफरा-



तफरी मच गई। मालगाड़ी संख्या पीके जीडी सुबह 10:30 बजे सोनभद्र रेलवे स्टेशन पहुंची थी। सिग्नल न मिलने के कारण मालगाड़ी को क्रॉसिंग के लिए स्टेशन पर रोका गया था। करीब 11:30 बजे लोको पायलट ने देखा कि एक बोगी में लदे कोयले से धुआं निकल रहा है। उन्होंने तुरंत स्टेशन मास्टर को इसकी सूचना दी। स्टेशन मास्टर ने बिना समय गंवाए दमकल विभाग को सूचित किया। दमकल विभाग की टीम तत्काल मौके पर पहुंची। टीम ने आग पर काबू पा लिया। आग बुझाने के बाद मालगाड़ी को उसके गंतव्य की ओर रवाना कर दिया गया। स्टेशन मास्टर की सतर्कता और दमकल विभाग की त्वरित कार्रवाई से एक बड़ी दुर्घटना टल गई।

# सिंगरामऊ पुलिस ने धोखाधड़ी के अभियोग में वांछित दो आरोपी को किया गिरफ्तार

जौनपुर (उत्तरशक्ति)। प्रभारी निरीक्षक, सै0 हुसैन मुन्तजर के नेतृत्व में थाना सिंगरामऊ पुलिस टीम द्वारा आज दिनांक 07.09.25 मुखबिर की सूचना पर चेकिंग के दौरान वांछित आरोपीगण छट्ठूलाल गुप्ता पुत्र कालीचरण गुप्ता, बृजेश पुत्र अच्छेलाल





निवासीगण कछोरा थाना सिंगरामऊ जनपद जौनपुर सम्बन्धित मु0अ0सं0 57/25 धारा 319(2), 318(4), 338, 336(3), 340(2), 352, 351(2), 61(2) बीएनएस को भिन्न-भिन्न स्थान से गिरफ्तार किया गया। आरोपीगण को गिरफ्तार कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।

# खेतासराय पुलिस ने एक वारंटी को किया गिरफ्तार

खेतासराय,जौनपुर (उत्तरशक्ति)। थाना खेतासराय पुलिस टीम द्वारा





आज दिनांक 07.09.2025 को वसूली वारण्ट से सम्बन्धित वारण्टी आरोपी मनीष शाहू पुत्र स्व0 भानू प्रसाद निवासी वार्ड न0-11 खेतासराय थाना खेतासराय जनपद जौनपुर सम्बन्धित मु0न0 166/2023 धारा 128 सीआरपीसी बबीता बनाम मनीष मा0 न्यायालय अपर प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय- कोर्ट न0-1 आजमगढ़ को गिरफ्तार कर सम्बन्धित न्यायालय भेजा जा रहा है।

# सिकरारा पुलिस गुमशुदा मोबाइल को बरामद कर स्वामी को किया गया सुपुर्द

जौनपुर (उत्तरशक्ति)। थाना सिकरारा पुलिस टीम द्वारा C.E.I.R. पोर्टल के माध्यम से गुमशुदा मोबाइल को बरामद कर मोबाइल स्वामी को





किया गया सुपुर्द, प्र0नि0 सिकरार, उदय प्रताप सिंह के नेतृत्व में थाना पुलिस टीम द्वारा गुमशुदा मोबाइल को C.E.I.R. पोर्टल के माध्यम से बरामद कर मोबाईल स्वामी शिवपूजन विश्वकर्मा पुत्र स्व0 रामलखन विश्वकर्मा निवासी ग्राम बढ़ौली नोनियान थाना सिकरारा जनपद जौनपुर को सुपुर्द किया गया। गुमशुदा मोबाइल फोन को पाकर मोबाइल स्वामी द्वारा पुलिस टीम का आभार व्यक्त किया गया। बरामदगी एक मोबाइल रियल मी नार्जो एन 53।

# रा.नौ. सभा का सदस्यता अभियान लगातार जारी

## पौधारोपण के बाद शुरू हुआ सदस्यता अभियान





जौनपुर(उत्तरशक्ति)। जफराबाद क्षेत्र के कबूलपुर ग्राम में शनिवार को राष्ट्र वादी नौजवान सभा के तत्वावधान में राजू निषाद की देख रेख में सदस्यता अभियान की शुरूआत सर्वप्रथम पौधारोपण के पश्चात हुई जिसमें सैकड़ों लोगों ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राष्ट्रीय अध्यक्ष नवीन सिंह ने इस अवसर पर कहा कि राष्ट्वादी नौजवान सभा एक संगठन के अतिरिक्त विचारधारा भी है जिसके विस्तार के लिए सदस्यता अभियान चलाया गया है। विशिष्ट अतिथि जिला अध्यक्ष रनदीप सिंह ने कहा राष्ट्र के प्रति सभी को सचेत रहने और राष्ट्र के प्रति सभी का समर्पण, त्याग और बलिदान की आवश्यकता हो तो तैयार रहें वहीं प्रबन्धक प्रमोद शुक्ला, प्रभारी पिंकू सिंह समेत अतिथियों ने भी अपने विचार व्यक्त किया। इसके पूर्व अतिथियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया तत्पश्चात लगभग ढाई सौ लोगों से अधिक को सदस्यता दिलाई गई। इसके पश्चात वहाँ पौधारोपण किया गया। इस अवसर पर प्रधान राजेश निषाद, विषय कुमार, जोगेंद्र निषाद, जेपी निषाद, मंजेश निषाद, किशन कुमार, राम आसरे शुक्ला, अजाज अहमद, रामा सरोज, श्रीकांत यादव आदि सहयोगी उपस्थित रहे।

# आजमगढ़ में 21.6 लीटर अवैध विदेशी शराब और नकदी के साथ दो अभियुक्त गिरफ्तार

आजमगढ़ (उत्तरशक्ति)। आबकारी विभाग और थाना कंधरापुर की संयुक्त टीम ने आजमपुर स्थित एक कम्पोजिट शराब की दुकान पर छापेमारी कर बड़ी कार्रवाई की। इस दौरान 21.6 लीटर अवैध विदेशी शराब, 7700 रुपये नकद और दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया। आबकारी निरीक्षक प्रभु नरायण सिंह के नेतृत्व में 06 सितंबर को जुनैदगंज चौराहे पर मुखबिर की सूचना के आधार पर कार्रवाई शुरू की गई। सूचना मिली थी कि आजमपुर कम्पोजिट दुकान में तनुकरण (पानी मिलाकर) और पिछले वर्ष की बिक्री हेतु अनुमन्य शराब की अवैध बिक्री हो रही है। टीम ने तत्काल दुकान पर छापा मारा। जहां दो विक्रेता शशिकांत यादव उर्फ जगनू (40 वर्ष) और राजेंद्र पाल (52 वर्ष) मौजूद थे। दुकान की जांच में लकड़ी के तख्ते के नीचे छिपाई गई तीन पेटियों में कुल 120 पौवे अवैध विदेशी शराब बरामद हुई। जिसमें 15 पौवे आइकोनिक व्हाइट ग्रेन व्हिस्की, 35 पौवे सिग्नेचर प्रीमियर, 39 पौवे रॉयल स्टैग, और 31 पौवे मैकडॉवेल नम्बर एक शामिल थे। प्रत्येक पौवे की धारिता 180 मिलीलीटर थी। जांच में पाया गया कि आइकोनिक व्हाइट ग्रेन व्हिस्की की तीव्रता 42.8% के बजाय 35.13% थी, जो तनुकरण का प्रमाण है। साथ ही, अन्य पेटियों में रखी शराब 2024-25 की थी, जो वर्तमान वर्ष में बिक्री के लिए अनुमन्य नहीं थी। विक्रेताओं ने पूछताछ में स्वीकार किया कि दुकान के अनुज्ञापी रुदल यादव के निर्देश पर वे शराब में पानी मिलाकर और पुरानी शराब बेचकर लाभ कमाते थे। दुकान के काउंटर से 7700 रुपये नकद भी बरामद किए गए। दोनों अभियुक्तों को धारा 60/64 संयुक्त प्रांत आबकारी अधिनियम 1910 और धारा 274/318 बीएनएस के तहत गिरफ्तार किया गया। कार्रवाई में आबकारी निरीक्षक प्रभु नरायण सिंह, प्रभारी आबकारी सिपाही श्रवण कुमार यादव, राजेश कुमार



गौतम, धीरज कुमार सिंह और थाना कंधरापुर के सिपाही विनय कुमार शामिल थे। वैध शराब के स्टॉक को जब्त नहीं किया गया, और दुकान को बंद कर चाबी विक्रेताओं को सौंप दी गई। कार्यवाही के दौरान सर्वोच्च न्यायालय और मानवाधिकार आयोग के दिशा-निर्देशों का पालन किया गया। गिरफ्तार आरोपी में शशिकांत यादव उर्फ जगनू, पुत्र धरमदेव यादव, निवासी खानपुर भगतपट्टी, थाना बिलरियागंज, राजेंद्र पाल, पुत्र नरेश पाल, निवासी बिजरवा, थाना मुबारकपुर, शामिल हैं।

# वाराणसी पुलिस सबसे एक्टिव, खोई हुई स्कूटर को दो घंटे में किया बरामद

वाराणसी(उत्तरशक्ति)। जनपद के भेलूपुर खोजवां में शनिवार शाम को अवधेश कुमार सिंह पिता राज बहादुर ग्राम अमनी थाना मिजापुर के रहने वाले है शनिवार शाम को सब्जी लेने के लिए 8:30 बजे सुंदरपुर सब्जी मंडी के पास गाड़ी एक्टिवा खड़ी कर सब्जी लेने चले गए। पुनः सब्जी लेकर वापस लौटे तो देखा गाड़ी वहां नहीं थी उन्होंने अपने गाड़ी ढूंढने का काफी प्रयास किया। लेकिन गाड़ी नहीं मिली तुरंत नजदीकी चौकी खोजवा पुलिस चौकी पहुंच कर प्रार्थना दिया जिसके पश्चात चौकी इंचार्ज पीयूष कुमार उ0नि0 विनय यादव,



फैंटम 37 के कर्मचारी आलोक रंजन, राम लखन विश्वकर्मा ने त्वरित कार्रवाई करते हुए। गाड़ी को दो घंटे के अंदर सकुशल बरामद किया तथा उपरोक्त वाहन स्वामी को सुपुर्द किया गया।

# सहपाठियों की मारपीट के खौफ से छात्र ने स्कूल जाना किया बंद

## पिता ने थाने में दिया लिखित में प्रार्थना पत्र, लगाई सुरक्षा की गुहार

बरसठी,जौनपुर(उत्तरशक्ति)। थाना क्षेत्र के मगरमू गांव निवासी अधिवक्ता विमल शुक्ल और उनके पुत्र पर सहपाठियों व उनके साथियों द्वारा दबंगई और मारपीट का मामला सामने आया है। पीड़ित ने बरसठी थाने में लिखित तहरीर देकर बेटे की सुरक्षा की गुहार लगाई है। पीड़ित अधिवक्ता विमल शुक्ल ने पुलिस को दी तहरीर में आरोप लगाया है कि उनका पुत्र रौनक शुक्ला टी.डी. सिंह इंटर कॉलेज निगोह में पढ़ाई करता है। बीते दिनों चारझापांच सहपाठी उसे रास्ते में रोककर मारपीट करने और धमकाने लगे थे। बुधवार की शाम रौनक गांव के समीप निगोह स्थित एक तेरहवीं कार्यक्रम में गया, जहां आरोपितों ने मारपीट की योजना बनाई। इसकी भनक लगते ही पिता विमल शुक्ल मौके पर पहुंचे और विवाद को शांत कराते हुए पुत्र को सुरक्षित घर भेज दिया।

# सांप के काटने से महिला की मौत

**आफताब आलम**, मानीकलां, जौनपुर(उत्तरशक्ति)। सरायख्वाजा थाना क्षेत्र के समदहा निवासी द्रौपदी पत्नी साहब लाल (55) की शनिवार की रात लगभग 11 बजे सांप के डसने से मौत हो गई। अचानक महिला की मौत होने से परिजनों का रो- रो कर बुरा हाल हो गया। साहब लाल ने बताया कि उनकी पत्नी कमरे में सो रही थी। रात करीब 11 बजे अचानक सांप ने द्रौपदी के हाथ में डस लिया चीख सुनकर घर वालों की आंख खुल गई। द्रौपदी को जौनपुर के एक निजी अस्पताल में ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने मृत्यु घोषित कर दिया।

# मेडिकल कॉलेजों में आरक्षण पर इलाहाबाद हाई कोर्ट का नया फैसला

लखनऊ (उत्तरशक्ति)। भारतीय संविधान में शिक्षा और रोजगार के क्षेत्र में समान अवसर सुनिश्चित करने की व्यवस्था की गई है। सामाजिक और ऐतिहासिक विषमताओं को दूर करने के लिए आरक्षण को एक औजार के रूप में अपनाया गया। इसी संदर्भ बीते दिनों इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने एक ऐसा आदेश दिया है, जिस पर विमर्श जरूरी है। कोर्ट ने साफ कहा है कि उत्तर प्रदेश के सरकारी मेडिकल कॉलेजों में अनुसूचित जाति वर्ग को 21 प्रतिशत से अधिक आरक्षण नहीं दिया जा सकता। गौरतलब है कि इससे पहले हाईकोर्ट की एकल पीठ ने आदेश दिया था कि कुछ मेडिकल कॉलेजों में अनुसूचित जाति वर्ग के अभ्यर्थियों को 70 प्रतिशत तक आरक्षण का लाभ मिले। इस आदेश को राज्य सरकार ने चुनौती दी और मामला डिवीजन बेंच तक पहुंचा। डिवीजन बेंच ने राज्य सरकार के पक्ष को मानते हुए कहा कि आरक्षण की सीमा तय है और इससे अधिक की अनुमति नहीं दी जा सकती। हालांकि, जिन छात्रों का प्रवेश पहले से हो चुका है, उनका एडमिशन सुरक्षित रहेगा। आगे की काउंसलिंग में यही सीमा लागू होगी। वर्तमान में मेडिकल कॉलेजों में आरक्षण की स्थिति पर बात करें तो ऑल इंडिया कोटा (15 प्रतिशत सीटें) में अनुसूचित जाति को 15 प्रतिशत, अनुसूचित जनजाति को 7.5 प्रतिशत, अन्य पिछड़ा वर्ग (केंद्रीय सूची) को 27 प्रतिशत और आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (ईडब्ल्यूएस) को 10 प्रतिशत आरक्षण मिलता है। उत्तर प्रदेश के राज्य कोटे (85 प्रतिशत सीटें) में अनुसूचित जाति को 21 प्रतिशत, अन्य पिछड़ा वर्ग को 27 प्रतिशत और एहर को 10 प्रतिशत आरक्षण दिया जा रहा है। यदि जनसंख्या और आरक्षण की तुलना करें तो तस्वीर और साफ होती है। देश में अनुसूचित जाति की आबादी लगभग 16.6 प्रतिशत है जबकि उत्तर प्रदेश में यह 21 प्रतिशत है। अन्य पिछड़े वर्ग की संख्या 40 से 45 प्रतिशत के बीच आँकी जाती है। इसके विपरीत, आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (ईडब्ल्यूएस), जो उच्च जातियों का गरीब वर्ग है, उसकी वास्तविक जनसंख्या 10 प्रतिशत से भी कम है, लेकिन उन्हें 10 प्रतिशत आरक्षण का लाभ दिया गया है। इस दृष्टि से देखें तो बहुजन समाज (एससी, एसटी, ओबीसी) कुल आबादी का 70 प्रतिशत से अधिक हिस्सा रखते हुए भी आरक्षण की सीमा से बंधा हुआ है, जबकि एक विशेष समाज को उनकी संख्या से अधिक लाभ उपलब्ध है। सामाजिक न्याय की दृष्टि से यह सवाल अहम है कि क्या आरक्षण की मौजूदा व्यवस्था वास्तव में समान अवसर उपलब्ध कराती है? मेडिकल जैसी प्रोफेशनल शिक्षा ग्रामीण और वंचित वर्ग के लिए पहले से ही कठिन है। कोचिंग, अंग्रेजी माध्यम और आर्थिक दबाव जैसी चुनौतियाँ पिछड़े और दलित छात्रों को और पीछे धकेलती हैं। ऐसे में 21 प्रतिशत की सीमा कानूनी रूप से उचित भले लगे, लेकिन वास्तविक समानता के लक्ष्य तक पहुँचने में बाधक है।

इस आदेशित दृष्टिकोण से यह साफ है कि आरक्षण केवल सीटों का बँटवारा नहीं है, बल्कि लोकतंत्र में प्रतिनिधित्व और बराबरी का सवाल है। सुप्रीम कोर्ट ने 1992 में इंद्रा साहनी मामले में आरक्षण की सीमा 50 प्रतिशत तय की थी, किंतु सामाजिक न्याय की दृष्टि से यह सीमा मनमानी प्रतीत होती है। जब असमानता 70 प्रतिशत से अधिक आबादी को झेलनी पड़ रही है तो प्रतिनिधित्व की सीमा भी उसी अनुपात में होनी चाहिए। इस प्रकार इलाहाबाद हाईकोर्ट का आदेश कानूनी रूप से व्यवस्था संचालन की दो बात करता है, लेकिन सामाजिक न्याय का सवाल अधूरा छोड़ देता है। यदि वास्तव में लोकतंत्र को मजबूत करना है तो शिक्षा और रोजगार में बड़ी आबादी की वास्तविक हिस्सेदारी सुनिश्चित करनी होगी। आरक्षण की नीतियों की समीक्षा जनसंख्या और पिछड़ेपन के वास्तविक आँकड़ों के आधार पर की जानी चाहिए, तभी सामाजिक न्याय का सपना साकार हो सकेगा।

# मड़ियाहूं तहसील के एसडीएम ने ऑल इंडिया सिविल सर्विसेज की 100 मीटर दौड़ में मारी बाजी

## प्रदेश व जनपद का नाम किया रोशन

जौनपुर(उत्तरशक्ति)। जनपद के मड़ियाहूं तहसील के उपजिलाधिकारी एसडीएम सुनील कुमार भारती ने खेल जगत में अपनी प्रतिभा का परचम लहराते हुए प्रदेश ही नहीं बल्कि जनपद का नाम भी रोशन किया है। वाराणसी के संपूर्णानंद स्पोर्ट्स स्टेडियम में आयोजित ऑल इंडिया सिविल सर्विसेज एथलेटिक्स प्रतियोगिता की 100 मीटर दौड़ में उन्होंने शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया। इस प्रतियोगिता में उत्तर प्रदेश से सबसे अधिक संख्या में सिविल सर्विसेज के अधिकारी उतरे थे। लेकिन एसडीएम भारती ने अपनी गति और तकनीकी कौशल से सबको पीछे छोड़ते हुए फिनिश लाइन सबसे पहले पार की। उनकी इस





उपलब्धि पर जिलाधिकारी डॉ. दिनेश चंद्र ने बधाई देते हुए कहा कि एसडीएम सुनील कुमार भारती की यह उपलब्धि न सिर्फ जौनपुर के लिए गर्व की बात है। उनका प्रदर्शन प्रशासनिक सेवा के साथ-साथ खेलों में भी प्रेरणा का स्रोत बनेगा। बताया जा रहा है कि यह दौड़ स्टेट ट्रायल थी। जिसमें जीत दर्ज कर एसडीएम भारती का नेशनल स्तर के लिए चयन हो गया है। अब वे आगामी दिसंबर माह में आयोजित होने वाली नेशनल प्रतियोगिता में प्रदेश का प्रतिनिधित्व करेंगे। जौनपुर के लिए यह गौरवपूर्ण क्षण है कि एक प्रशासनिक अधिकारी अपनी जिम्मेदारियों के साथ-साथ खेलों में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहे हैं और आने वाली पीढ़ी के लिए प्रेरणा बन रहे हैं।

# जीवन रक्षा हॉस्पिटल एण्ड रिसर्च सेन्टर



डा0 नवीन कुमार सिंह
M.B.B.S., M.S. (Ortho)
हड्डी व जोड़ रोग विशेषज्ञ



डा0 शिल्पी सिंह
M.B.B.S., M.S. (Obs & Gyn)
स्त्री रोग विशेषज्ञ

- फ्रेक्चर
- गठिया
- कमर दर्द
- ऑथराइटिस
- कूल्हा, घुटना प्रत्यारोपण
- इत्यादि रोगो का इलाज
- सिजेरियन डिलीवरी
- बच्चेदानी का ऑपरेशन
- ट्यूमर का ऑपरेशन
- दूरबीन विधि द्वारा
- बच्चे की जाँच
- नार्मल डिलीवरी

आयुष्मान कार्ड द्वारा निःशुल्क इलाज की सुविधाएं
इमरजेन्सी सुविधा 24 घण्टे उपलब्ध
नया पता- पुलिस चौकी के सामने, सिपाह, आजमगढ़ रोड, जौनपुर (उ0प्र0) 6390303050

# TSMH त्रिभुवन सिंह मेमोरियल हॉस्पिटल



डा0 स्पृहा सिंह
M.B.B.S., MD (Pt. JNM Raipur)
CCEBDM (Diabeties)
जनरल फिजिशियन एवं मधुरोग विशेषज्ञ
पूर्व चिकित्सक आपोलो हॉस्पिटल, हैदराबाद



डा0 जयेश सिंह
एम.बी.बी.एस., एम.डी. (पीडियाट्रिक्स)
डी.एम. (नियोनेटोलॉजी)
(Fernandez Hospital, Hyderabad)
DASSI (KEM Pune)
ONTOP (AIIMS New Delhi)
पूर्वांचल के प्रथम व एकमात्र सुपर स्पेशलिस्ट नवजात शिशु व बाल रोग विशेषज्ञ

- नवजात शिशु का आई.सी.यू. एवं बच्चों के सभी रोगों का इलाज।
- निमोनिया, जन्म पर गन्दा पानी पीने वाले नवजात अत्याधुनिक आई.सी.यू. की सुविधा।
- समय से पूर्व (सतवासे) में पैदा हुए बच्चों का इलाज एवं बच्चों का समस्त टीकाकरण।
- हमारे यहाँ आयुष्मान कार्ड के द्वारा नवजात शिशु व बच्चों के डायलसिस की सुविधा
- निशुल्क उपलब्ध है। ▪ इत्यादि समस्त रोगो का इलाज की सुविधा।

हृदय रोग एवं डायबिटीज रोग विशेषज्ञ

- वयस्कों में हार्ट, किडनी, शुगर, पेट रोग, लकवा, पैरालाइसिस, निमोनिया,
- लीवर, डेंगू, मलेरिया, टाईफाइड, अस्थमा/दमा, हाईब्लड प्रेशर, मलेरिया,
- डायलसिस, सिजेरियन डिलिवरी, नसों में शून्पन, मस्तिष्क ज्वर, पीलिया,
- हेपेटाईटिस बी., ल्यूकोरिया, खूनी पेचिस, सर दर्द, माइग्रेन, यूरिन इन्फेक्शन
- स्वास व फेफड़ा रोग व अन्य सभी रोगों का इलाज किया जाता है।

आयुष्मान कार्ड द्वारा निःशुल्क इलाज की सुविधाएं
पता- दिवानी कचहरी, अम्बेडकर तिराहा, जौनपुर (उ0प्र0)
05452-356274/ 7992031213, 9026551423

# अरुणोदय सर्जिकल एण्ड ट्रामा सेन्टर



डा. अरुण आर. सिंह
कन्सल्टेन्ट लैप्रोस्कोपिक सर्जन

जनरल सर्जरी
स्त्री एवं प्रसूति रोग
आर्थोपेडिक (सर्जरी एवं परामर्श)
कीमोथिरेपी सुविधा उपलब्ध
न्यूरो सर्जरी (परामर्श एवं सर्जरी)
वेन्टिलेटर एवं डायलिसिस की सुविधा उपलब्ध
प्रशिक्षित डाक्टर स्टाफ तथा सभी मानकों पर खरा उतरने वाला जनपद का एक मात्र हास्पिटल
दूरबीन विधि द्वारा सभी प्रकार की सर्जरी
जनरल मेडिसिन, मधुमेह रोग
गुर्दा एवं मूत्र रोग (सर्जरी एवं परामर्श)
गैस्ट्रोइन्टरोलॉजी (इण्डोस्कोपी एवं कालोनोस्कोपी)
एक्सीडेण्टल एवं ट्रामा इमरजेन्सी सेवा 24 घण्टे उपलब्ध

डा0 पुनीत सिंह
M.S.M.C.H.

डा0 रवि प्रकाश सिंह
M.S. (Ortho)
हड्डी एवं जोड़ रोग विशेषज्ञ

डा0 प्रभात सिंह
M.D.( Medicine)

डा0 सुमित कुमार सिंह
M.D.( Neuro Psychiatrist)

24x7 Emergency Services

बीमा कार्ड धारकों के लिए विशेष सुविधा उपलब्ध
आयुष्मान कार्ड द्वारा निःशुल्क इलाज की सुविधाएं
8090966086,8090015086
कलीचाबाद, जौनपुर

# SALVATION HOSPITAL
# साल्वेशन हॉस्पिटल

The Culture of Care



डॉ. प्रियंका श्रीवास्तव
B.A.M.S.
(स्त्री रोग विशेषज्ञा)

पंडित दीनदयाल उपाध्याय
राज्यकर्मी कैशलेस चिकित्सा योजना संबद्ध अस्पताल

आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना
के अंतर्गत सूचीबद्ध अस्पताल

24x7 Emergency Services
24 घंटे भर्ती की सुविधा

आई.सी.यू. | डायलेसिस | एच.डी.यू.
नेत्र विभाग | अस्थि रोग विभाग
दन्त चिकित्सा | किडनी विभाग
जनरल मेडीसिन | जनरल सर्जरी



डॉ. विवेक श्रीवास्तव
M.D. (Physician, F.G.O.
(APOLO HOSPITAL) P.G.D.S.
Member of Indian Medical
Association UPMCI Rg. No. 95653

नोट- प्रत्येक महीने के दूसरे रविवार को प्रयागराज के गुर्दा रोग विशेषज्ञ डा0 सन्तोष मौर्य (M.D., D.M. Nephro) 12 बजे से 4 बजे तक उपलब्ध रहते हैं।
कंधरपुर, मुरादगंज, जौनपुर (वाराणसी-लखनऊ न्यू हाइवे के बगल में बाईपास से 400 मीटर की दूरी पर 9138828282, 8686867547


एस.आर.एस.
हॉस्पिटल एण्ड ट्रामा सेन्टर
डा. अभय प्रताप सिंह
MBBS (KGMU), DNB(Ortho), MS (Ortho)
UCN, FIJR (Germany), MNAMS
आर्थ्रोस्कोपिक एण्ड ज्वाइंट
रिप्लेसमेन्ट आर्थोपेडिक सर्जन
हड्डी रोग विशेषज्ञ
ओ.पी.डी. प्रतिदिन
डा. आनन्द त्रिपाठी
MBBS, MD, DM (Neuro)
न्यूरो फिजिशियन
ओ.पी.डी. प्रतिदिन
डा. निदा सलाम
CGO
स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ
ओ.पी.डी. प्रतिदिन
डा. अरविन्द कुमार अग्रहरि
MBBS, MS, MCH (Neuro)
न्यूरो सर्जन
विजिटिंग/ऑन काल
डा. एस.के. मिश्र
MBBS, MS (General Surgeon)
जनरल सर्जरी
विजिटिंग/ऑन काल
डा. चंचला मिश्रा
MBBS, MS (Obs & Gyn.)
स्त्री रोग विशेषज्ञ
विजिटिंग/ऑन काल
डा. राजेश त्रिपाठी
MBBS, MD (Anesthisia)
एनेस्थिसिया रोग विशेषज्ञ
विजिटिंग/ऑन काल
7355 358194
05452- 356555
तेज डायग्नोस्टिक सेन्टर के सामने (पेट्रोल पम्प के बगल में) नईगंज तिराहा, जौनपुर


BAJAJ
ए. एम. बजाज
मो. अशहद
अब्दुल माजिद
मानी कलां, गुरैनी रोड, जौनपुर- 222139
9621032024, 9651316060, 9621139686


AMIR TRAVELS
Hajj & Umrah Services
DOMESTIC & INTERNATIONAL
AIR TICKETS
Visit Visa, Holiday Tour Packages, Waqala Delhi & Mumbai Gamca & Medical Services
Emigration, Visa Stamping, Currency Exchange, Money Transfer
TV
उत्तरशक्ति
NEWS
Withdrawal & Deposit Money From All (atm & Adhar Services)
Passport, Pan Card & Driving License Services
Common Services Center (csc) & Sahaj Jan Seva
Kendra Related Services
7860303530, 9616636079
प्रो0- मो0 आसिफ सिद्दीकी संवाददाता गुरैनी, मानीकलां
सह- संपादक डॉ. इम्तियाज अहमद सिद्दीकी (उर्फ़ बाबू भाई) उत्तरशक्ति हिंदी दैनिक, जौनपुर-लखनऊ (उत्तर प्रदेश)
निकट- नसीराबाद चौक, पूर्व प्रधान नेयाज़ अहमद कटरा, मानीकलां, जौनपुर (उ0 प्र0)